दिन–सोमवार दिनांक– 13 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान जारी है। दोपहर एक बजे तक चौंतीस दशमलव चार–चार प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। समस्तीपुर में सबसे अधिक छत्तीस दशमलव दो आठ प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, मुंगेर में पैंतीस प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उजियारपुर में चौंतीस दशमलव नौ, दरभंगा में तैंतीस दशमलव एक तीन और बेगूसराय में तैंतीस प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत एक सौ उन्नीस चिन्हित बूथों पर शाम चार बजे तक ही वोट डाले जा सकेंगे।

——————————————————————————

चौथे चरण के चुनाव में चार महिला प्रत्याशियों समेत पचपन उम्मीदवारों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में दो केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय की राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। उनका मुकाबला राजद की अनिता देवी से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने–सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित यादव के साथ है।

——————————————————————————

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या दो सौ दस पर पीठासीन पदाधिकारी ओंमकार चौधरी की हृदय गति रूक जाने से मौत हो गयी। यह मतदान केन्द्र मध्य विद्यालय, शंकरपुर में स्थित है। जिलापदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने पीठासीन पदाधिकारी की मौत पर गहरा दुख जताते हुये कहा कि मृतक कर्मी के परिवार को हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वालों को अपनी विरासत पर वोट मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय बिहार में लोग शाम होने के बाद घरों से बाहर निकलने में डरते थे। आज स्थिति बदल चुकी है और बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ चुका है। श्री मोदी ने कहा कि देश कांग्रेस जैसी डरपोक और कमजोर सरकार नहीं चाहता है। ये लोग इतने डरे हुये हैं कि रात में सपने में पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश कर रहा है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी। श्री मोदी ने लोगों से देश के विकास के लिए मतदान करने की अपील की। इससे पहले, श्री मोदी ने पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेका और लंगर सेवा की।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, पटना साहिब से कांग्रेस के उम्मीदवार अंशुल अविजित कल नामांकन का पर्चा भरेंगे। सातवें चरण के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। पंद्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान एक जून को होगा।

———————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं कक्षा में कुल सत्तासी दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। लड़कियों की उत्तीर्णता प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अधिक है। बोर्ड ने दसवीं कक्षा के नतीजों की घोषणा cbseresults.nic.in या cbse.gov.in के साथ–साथ डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर भी की है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान वज्रपात की

भी चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के बाद राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी, जिससे अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।